भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 135

उत्तर देने की तारीख : 21.07.2025

प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम

135. श्री जावेद अली खानः

श्री रामजी लाल सुमन:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश राज्य में प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन की क्या स्थिति है;

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य में किन-किन क्षेत्रों में इसे कार्यान्वित किया गया है; और

(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदायों के लाभार्थियों की राज्य-वार और जिला-वार, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश राज्य में, संख्या कितनी है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्री कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में एक व्यापक कार्यक्रम के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित सरकार की विभिन्न योजनाओं/पहलों को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों के वंचित और कमजोर वर्गों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के समान अवसर प्राप्त हों।

15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की योजनाएं विशेष रूप से छह अधिसूचित अल्पसंख्यकों के लिए हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य सहभागी मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं/पहलों के परिव्यय और लक्ष्यों का 15%, यथासंभव, अधिसूचित अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया गया है। ये योजनाएं संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा सरकार के संतृप्ति दृष्टिकोण के तहत कार्यान्वित की जा रही हैं। सरकार के संतृप्ति दृष्टिकोण के तहत कई घटकों को मुख्यधारा में शामिल किया गया है।

*****